**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 21 नवम्बर, 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज राज भवन के मुख्य द्वार से ओटीसी ग्राउंड तक “सरदार @150 पदयात्रा” (यूनिटी मार्च- एक भारत, आत्मनिर्भर भारत) में सम्मिलित होकर प्रतिभागियों के मनोबल को बढ़ाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी व आधुनिक भारत के शिल्पकार एवं देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री ‘लौहपुरुष’ भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित यह पदयात्रा राष्ट्रीय एकता और सेवा-भावना का प्रेरक प्रतीक है। उन्होंने इस पदयात्रा में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि सरदार पटेल जी ने भारत की 562 रियासतों का विलय कर जिस अखंड भारत की नींव रखी, वह उनकी अद्वितीय दूरदृष्टि, साहस और राष्ट्रनिष्ठा का उदाहरण है। उनका संदेश सदैव यही रहा है कि “एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।” उन्होंने कहा कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा MY Bharat द्वारा सरदार पटेल की 150वीं जयंती

वर्षगांठ को एक जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जाना अत्यंत सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि देशभर में आयोजित पदयात्राएँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबंध और क्विज़ प्रतियोगिताएँ, "एक था सरदार" पॉडकास्ट तथा राष्ट्रीय रील प्रतियोगिता, ये सभी गतिविधियाँ युवाओं में राष्ट्रभावना को प्रबल करेंगी।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि NSS, NCC, Scouts & Guides, MY Bharat Volunteers तथा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के हजारों छात्र-छात्राओं की उत्साही भागीदारी यह दर्शाती है कि हमारा युवा वर्ग राष्ट्र-निर्माण के प्रति पूर्णतः समर्पित है। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य हमारे युवाओं की एकजुटता, संकल्प और चरित्र पर आधारित है तथा विकसित भारत के निर्माण में उनकी अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" जैसे उल्लेखनीय पहल किए गए हैं। इस क्रम में राज भवन, झारखण्ड द्वारा भी सभी राज्यों के 'स्थापना दिवस समारोह' का आयोजन किया जाता है और उस राज्य के नागरिकों को आमंत्रित किया जाता है।

माननीय राज्यपाल ने कहा कि सरदार पटेल के आदर्शों को हम केवल स्मरण ही न करें, बल्कि उन्हें अपने आचरण, कर्तव्यों और जीवन-मूल्यों में आत्मसात करें। उन्होंने सभी युवाओं से आह्वान किया कि वे

सरदार पटेल के सपनों के सशक्त भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

राज्यपाल महोदय ने यह उल्लेख भी किया कि इसी माह की 9 तारीख को उन्हें उस स्थान पर जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जहाँ लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की भव्य 'Statue of Unity' स्थापित है। उन्होंने कहा कि उस विशाल प्रतिमा का दर्शन कर वे अभिभूत हुए। वहाँ देश-विदेश से आए असंख्य लोग उपस्थित थे और ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वे केवल प्रतिमा का अवलोकन ही नहीं कर रहे थे, बल्कि सरदार पटेल जी को श्रद्धा और कृतज्ञता के साथ स्मरण भी कर रहे थे।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस पदयात्रा से प्रेरित होकर हम सभी राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव के संकल्प को और अधिक दृढ़ करें।

उक्त अवसर पर माननीय राज्यपाल ने उपस्थित सभी लोगों को स्वदेशी अपनाने तथा नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई।